# न्यायाधीश पर कर्मचारी को बंधक बनाकर घरेलू काम कराने का आरोप

## राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ ने पुलिस की ओर से मेहरा की मौत को आत्महत्या बताने को पूरी तरह से नकार दिया

- संघ ने एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगाये हैं

**जयपुर**, (का.सं.)। पुलिस की ओर से न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा की मौत को आत्महत्या बताने को राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ ने पूरी तरह नकारते हुए एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन अधिकारी के घर पर ही सुभाष ने आत्मदाह किया था।

कर्मचारी संघ की ओर से कहा गया है कि एनडीपीएस कोर्ट के न्यायाधीश कोर्ट के सहायक कर्मचारी सुभाष मेहरा को जबरन अपने घर रखते थे और उससे कपड़े-बर्तन धोना, खाना बनाना और शौचालय की सफाई आदि कराने का काम कराते थे। न्यायाधीश उसे घर पर बंधक बनाकर रखते थे और उसे कभी कोर्ट नहीं आने देते थे। घटना से कुछ दिन पहले सुभाष प्रताड़ित होकर अपने घर चला गया था। जहां उसने परिजनों को वापस नौकरी पर नहीं जाने की बात कही थी। इस पर न्यायाधीश ने सुभाष चौक थाना पुलिस के जरिए उसे घर से उठवाया था। राजस्थान कर्मचारी संघ ने पुलिस जांच का खंडन करते हुए कहा है कि सुभाष के हाथ पर चाकू के निशान थे, लेकिन चाकू बरामद नहीं किया गया। इसके अलावा उसके गुप्तांग पर भी चोट के निशान मिले थे। वहीं उसके शव का पोस्टमार्टम बगरू में कराया गया और वहां आखिर तक न्यायाधीश वहां मौजूद क्यों रहे। कर्मचारी संघ की ओर से यह भी कहा गया है कि सुभाष के परिजनों को उसका बिना सिम का मोबाइल लौटाया गया, लेकिन सिम आज तक बरामद नहीं की गई। वहीं मृतक के भाई से पुलिस और न्यायिक अधिकारी ने दबाव में खाली कागजों पर हस्ताक्षर कराए थे। पुलिस ने सुभाष को पूर्व में सुभाष चौक थाना पुलिस की ओर से घर से उठाने की जांच भी नहीं की। इसके अलावा घटनास्थल पर पुलिस और एफएसएल की टीम एक साथ उसके परिजनों से पहले कैसे पहुंच गई। ऐसे में यह हत्या का मामला है, जिसे आत्महत्या का रूप दिया जा रहा है। कर्मचारी संघ ने यह भी आरोप लगाया गया कि हाईकोर्ट की रजिस्ट्री ने चीफ जस्टिस को तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश किया है। कर्मचारियों ने गुहार लगाई है कि सीजे उनसे रजिस्ट्री की गैर मौजूदगी में मिलकर पक्ष सुने।

## कोर्ट में कामकाज सुचारू कराने और आत्मदाह की जांच सीबीआई से कराने को लेकर पीआईएल पेश

**जयपुर**, (का.सं.)। न्यायिक कर्मचारी सुभाष मेहरा के न्यायिक अधिकारी के आवास पर कथित आत्मदाह करने की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर निचली अदालत के कर्मचारी शुक्रवार को भी सामूहिक अवकाश पर रहे। वहीं अधिवक्ता पीसी भंडारी ने सामूहिक अवकाश खत्म कराने और मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पेश की है। याचिका में प्रमुख गृह सचिव, पुलिस कमिश्नर, राजस्थान हाईकोर्ट और सीबीआई को पक्षकार बनाया गया है। जनहित याचिका पर खंडपीठ आगामी सप्ताह में सुनवाई कर सकती है।

याचिका में कहा गया कि पिछले 18 नवंबर से शहर की अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं करीब एक सप्ताह से प्रदेश की अदालतों के सभी कर्मचारी अवकाश पर हैं। जिसके चलते अदालतों में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। मृतक की बहन ने भी संबंधित न्यायिक अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ऐसे में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। याचिका में यह भी कहा गया है कि हाईकोर्ट लोक अदालत लगाकर राजीनामे से मुकदमों का निस्तारण करती है, फिर इस मामले में कर्मचारी संघ के बातचीत कर समाधान क्यों नहीं निकाला जा रहा है। कोर्ट और राज्य सरकार का कर्तव्य है कि जनता को न्याय से वंचित नहीं किया जाए, लेकिन बीते करीब 21 दिनों से काम नहीं हो रहा और प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ऐसे में हाईकोर्ट और कर्मचारियों के बीच गतिरोध को दूर कर मामले की सीबीआई जांच कराई जाए।

# जनाक्रोश यात्रा में जनता का मिल रहा जबरदस्त समर्थन : चंद्रशेखर



भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा के दौरान जनसंपर्क किया।

**जयपुर**। भाजपा जयपुर शहर की सभी विधानसभाओं में भाजपा के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। भाजपा जन आक्रोश यात्रा के दौरान भाजपा द्वारा जारी मिस्ड कॉल नंबर पर आम जनता द्वारा मिस कॉल कर भाग लिया जा रहा है।

संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने आज विद्याधर नगर विधानसभा में जन आक्रोश यात्रा के दौरान जनसंपर्क किया, साथ ही चौपाल और नुक्कड़ सभाओं में संबोधन दिया। जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा जयपुर शहर की सभी विधानसभाओं में वार्ड बूथ तक पहुंचकर चौपाल द्वारा आमजन को राजस्थान की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को बता रहे हैं आमजन भी जनाक्रोश यात्रा में बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता निभा रहा है। आज विद्याधर नगर विधानसभा में संगठन महामंत्री चंद्रशेखर और जिलाध्यक्ष राघव शर्मा का माल्यार्पण कर जनता द्वारा स्वागत किया गया। महामंत्री चंद्रशेखर ने जनता से आव्हान किया इस निकारा, कुशासन वाली भ्रष्टाचारी, जंगलराज वाली कांग्रेस सरकार को 2023 में उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते हैं। जनाक्रोश यात्रा के दौरान विधायक नरपत सिंह राजवी, जिला मंत्री कैलाश जटवाड़ा के साथ मंडल, वार्ड के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मेरिट में आने के बाद भी नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

- दस्तावेज सत्यापन कराने के बाद भी नियुक्ति नहीं दी
- विभाग ने नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करने का कारण भी नहीं बताया

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 की मेरिट में आने और दस्तावेज सत्यापन के बाद भी अभ्यर्थियों को नियुक्ति नहीं देने पर राज्य सरकार सहित संबंधित जिला परिषद से 13 दिसंबर तक जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश हेमंत कुमार शर्मा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में कहा कि राज्य सरकार ने एलडीसी भर्ती-2013 के खाली पदों पर अब पुनः भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। याचिकाकर्ता अभ्यर्थी भर्ती की कट ऑफ और मेरिट लिस्ट में भी आए हैं। वहीं पंचायती राज विभाग के अधीन संबंधित जिला परिषद ने उनके दस्तावेजों का सत्यापन भी कर लिया। इसके बावजूद एलडीसी के खाली पदों पर नियुक्ति के लिए बनाई अंतिम चयन सूची में उन्हें बाहर कर दिया है। वहीं विभाग ने नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करने का कारण भी नहीं बताया है। ऐसे में उन्हें अंतिम चयन सूची में शामिल कर खाली पदों पर नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## दीप्ति गैरोला को सम्मानित किया

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में गोल्डन लीफ फाउंडेशन की फाउंडर व निदेशक दीप्ति गैरोला को सामाजिक सराकारों से जुड़े कार्यों समेत अनाथ, बेसहारा और निराश्रित लोगों के प्रति सेवा कार्य के लिए प्रशंसनीय पत्र दिया है। दीप्ति गैरोला ने राज्यपाल को वैश्विक महामारी कोविड-19 की पहली व दूसरी लहर के दौरान उनकी संस्था ने जरूरतमंद लोगों व मजदूरों को क्षमता के मुताबिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की जानकारी दी। दीप्ति ने बताया कि उनकी संस्था फिलहाल स्टॉप लाइट पर भीख मांगने वाले भिखारियों के बच्चों की रोजगारोन्मुखी शिक्षा मुहैया कराने के लिए योजना पर काम रही हैं ताकि वे बेहतर स्वास्थ्य के साथ बेहतर जीवन जी सकें।

# नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज प्रतियोगिता में जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन



नोबेल पीस सेंटर में द इग्निटर इनिशिएटिव के प्रोजेक्ट मैनेजर ने अशीरा को नोबेल शांति पुरस्कार चुनौती के निबंध श्रेणी में फाइनलिस्ट के रूप में घोषित होने पर बधाई दी है।

**जयपुर**,(कासं)। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में राजधानी जयपुर की अशीरा विश्वास का चयन किया गया है। विश्वास एसडीआरएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सुष्मित विश्वास की पुत्री है।

दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित नोबेल शांति पुरस्कार का शनिवार को नार्वे की राजधानी ओस्लो में ऐलान किया जाएगा। नोबेल शांति पुरस्कार चैलेंज-2022 प्रतियोगिता में विजेता घोषित होने पर अशीरा विश्वास को भी इस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही उन्हें 10 दिसंबर को ओस्लो में आयोजित नोबेल शांति पुरस्कार समारोह से संबंधित प्रमुख गतिविधियों में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया है। विश्वास को ओस्लो शहर के ग्रैंड होटल में नोबेल पुरस्कार विजेताओं के साथ ही ठहरने का अवसर मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि नोबेल शांति केंद्र की ओर से विश्व स्तर पर विद्यार्थियों को शांति पुरस्कार में शामिल करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। निबंध या फोटोग्राफी श्रेणियों में से किसी एक विषय पर विश्वभर के विद्यार्थी भाग लेते है। इस वर्ष का विषय शांतिपूर्ण सहअस्तित्व, बंधुत्व और मानव अधिकारियों की सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालना था। अशीरा विश्वास को इस महत्वपूर्ण विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार के लिये चुना गया है। यह पुरस्कार जीतने वाली अशीरा संभवतः देश की पहली विजेता है। इस प्रतियोगिता को जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली अशीरा इस समय यूके की ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत है।

## यज्ञ से शुरू हुआ लोकार्पण समारोह

**जयपुर**, (का.सं.)। जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में 10 दिसंबर को होने वाले योग साधना भवन के लोकार्पण समारोह की शुरूआत वैदिक यज्ञ से हुई। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने मृगशिरा नक्षत्र में शुरू हुए यज्ञ में वैदिक एवं पौराणिक विधि से आहूतियां दी। वेद एवं पौरोहित्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा, शास्त्री कोसलेंद्रदास एवं डॉ. संदीप जोशी ने गणपति, गौरी, नवग्रह, वास्तु के साथ ही विष्णु पूजन संपन्न करवाया। यज्ञ से पूर्व कुशकंडिका और यज्ञस्थली का निर्माण किया गया।

## पुरानी-जर्जर पेयजल पाइपलाइन बदलेंगी

**जयपुर** । जयपुर शहर खासकर परकोटे की पेयजल व्यवस्था में सुधार एवं पुरानी पाइप लाइन बदलने की जलदाय मंत्री डॉ.महेश जोशी की सकारात्मक पहल के मद्देनजर जलदाय विभाग ने चारदीवारी एवं आसपास के क्षेत्रों में पुरानी लाइनें बदलकर नई लाइनें डालने और शहरी जल योजनाओं का संवर्धन कर सप्लाई सुचारू बनाने के लिए 239 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। जलदाय विभाग, जयपुर परकोटे की चौकड़ी गंगापोल, चौकड़ी घाटघेट, चौकड़ी विश्वेश्वरजी, चौकड़ी रामचन्द्र, पुरानी बस्ती, तोपखाना हजूरी, तोपखाना देश, अमृतपुरी, लक्ष्मीनारायपुरी, मंडी खटीकान और कंवर नगर में पुरानी पाइप लाइन बदलेगा, आवश्यकतानुसार नई पाइप लाइन डाली जाएगी। इससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को प्रदूषित पानी से निजात मिलेगी एवं पेयजल आपूर्ति सुचारू हो सकेगी। बीसलपुर परियोजना के लाभ से वंचित आमेर की ढाणियां, देवीखोल, चौमारिया, कनक घाटी, घाट के बालाजी, नाहरसिंह कॉलोनी, जग्गा की बावडी, मीणा बस्ती एवं पुराना घाट क्षेत्रों को बीसलपुर से जोड़ने के लिए आधारभूत संरचना बनाई जाएंगी।

# कलेक्टर ने आबादी विस्तार के लिए किया भूमि आवंटन, हाईकोर्ट का स्टे

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाइकोर्ट ने झुंझुनूं के नाटास गांव की जमीन को विवाद रहित बताकर उसे आबादी विस्तार के लिए ग्राम पंचायत को आवंटित करने के मामले में कलेक्टर, एसडीओ उदयपुरवाटी और तहसीलदार सहित अन्य से जवाब मांगा है।

इसके साथ ही अदालत ने भूमि पर यथा स्थिति बनाए रखने को कहा है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश सुरेंद्र सिंह की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता धर्मवीर ठोलिया और अधिवक्ता हिमांशु ठोलिया ने अदालत को बताया कि आजादी से पहले यह भूमि बिसाऊ ठिकाने की थी। जहां से यह याचिकाकर्ता के दादा को वर्ष 1946 में मिली थी। इसके बाद से याचिकाकर्ता का परिवार इस जमीन पर खेती कर रहा है। याचिका में कहा गया कि झुंझुनूं कलेक्टर ने गत 10 मार्च को इस भूमि को विवाद रहित बताकर आबादी विस्तार के लिए इसे नाटास ग्राम पंचायत को आवंटित कर दी। जबकि यह भूमि विवाद रहित नहीं है और पंचायत को आवंटन के समय इस जमीन को लेकर कई कोर्ट केस चल रहे थे। ऐसे में इसे ग्राम पंचायत को आवंटित नहीं किया जा सकता। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगते हुए मामले में यथास्थिति के आदेश दिए हैं।

## अहंकार न करने की सीख दी

**जयपुर**। जवाहर कला केंद्र की पाक्षिक नाट्यय योजना के तहत आज नाटक 'मुगल बच्चा' का मंचन किया गया। इस व्यंग्यात्मक नाटक ने न केवल दर्शकों को हंसाया, बल्कि कई जगह भावुक करते हुए अहंकार न करने की सीख भी दी।

महमूद अली ने इस्मत चुगताई की कहानी का नाट्यय रुपांतरण कर न केवल निर्देशक की भूमिका निभाई बल्कि इस एकल नाट्यय प्रस्तुति में 11 किरदारों को मंच पर बखूबी साकार किया। नाटक के नाम में ही इसका सार छिपा है।

## सूची जारी

**जयपुर**। राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम द्वारा पांचो विद्युत निगमों के जूनियर असिस्टेंट के 915 भर्ती पदों हेतु सफल अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी ओर से दिए गए विकल्प एवं मेरिट के आधार पर विद्युत निगम का आवंटन कर संबंधित निगमों को सफल अभ्यर्थियों का विवरण प्रेषित किया जा रहा है।

# सेवा बर्खास्तगी का आदेश रद्द

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण ने दिगंबर जैन आदर्श महिला संस्कृत पीजी कॉलेज, महावीरजी की प्रबंध समिति के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें अपीलार्थी कॉलेज व्याख्याता को सेवा से बर्खास्त कर दिया था। वहीं अधिकरण ने प्रबंध समिति को अपीलार्थी को बहाल करने और उसे वेतन भत्ते की 50 फीसदी राशि का भुगतान करने के लिए भी कहा है। अधिकरण ने यह आदेश डॉ. नेमचंद जैन की अपील पर दिए।

अपील में कहा गया कि अपीलार्थी की नियुक्ति 31 जुलाई 1997 को इस अनुदानित शैक्षिक संस्थान में हुई थी, लेकिन कॉलेज प्रशासन ने अपीलार्थी पर लांछन लगाते हुए उसे 20 अप्रैल 2009 को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसे अधिकरण में चुनौती देते हुए कहा कि आदेश को रद्द कर बहाल किया जाए।

# लाहोटी ने निकाली 'जनाक्रोश रैली'

## कांग्रेस सरकार पर कुशासन और जंगलराज का आरोप लगाते हुए सांगानेर विधायक आमजन से मिलने पहुंचे



**जयपुर** । सांगानेर विधायक एवं पूर्व महापौर जयपुर डॉ. अशोक लाहोटी ने शुक्रवार को राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर कुशासन, जंगलराज का आरोप लगाते हुए वार्ड 83, 88 व में "जन आक्रोश रैली" निकाली। इस रैली को विधायक लाहोटी ने रामपुरा रेलवे फाटक से रवाना किया। उन्होंने बीजेपी कार्यकर्ताओं रामपुरा फाटक से केशर चौराहा तक यात्रा में पूरे रास्ते पैदल चलकर आमजन से मुलाकात की और नुक्कड़ सभाएं संबोधित की। लाहोटी ने कहा कि आज प्रदेश के हर गली मौहल्ले में फैल रहे अपराध से डर व भय के माहौल के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा विकास के काम ठप होने, क्षेत्र में चारों तरफ फैल रही गंदगी, ना कचरे की गाड़ी आती है, ना ही सफाई हो रही है, मुख्य बाजार व कॉलोनियों में गंदा पानी भरा हुआ है, पानी निकासी व सीवरेज व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं।

# आजादी के बाद जी-20 का भारत के पीएम द्वारा नेतृत्व महत्वपूर्ण : मिश्र



राज्यपाल कलराज मिश्र ने जी-20 की तैयारी बैठक में ऑनलाइन भाग लिया।

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को जी 20 की अध्यक्षता की तैयारी के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में राजभवन से ऑनलाइन भाग लिया।

बैठक में भाग लेने के बाद उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार जी 20 का भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेतृत्व किया जा रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण और विरल अवसर है। उन्होंने इसे गौरवपूर्ण बताते हुए सभी के सहयोग से इसे सफल किए जाने का आव्हान किया।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी 20 को सतत समावेशी विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत की अध्यक्षता विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र की वैश्विक स्वीकार्यता है।

बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि उदयपुर से जी 20 की शानदार शुरुआत हुई है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उदयपुर की सराहना को महती बताते हुए कहा कि भारत के लिए जी 20 की अध्यक्षता सभी देशवासियों के लिए गौरव की बात हूं। सभी स्तरों पर इसे अभूतपूर्व रूप में सफल करने के प्रयास होंगे।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जी 20 से जुड़े उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। केंद्रीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी 20 की अध्यक्षता देश के लिए असाधारण अवसर है। जी 20 में दुनिया की 85 प्रतिशत जीडीपी वाले देश सम्मिलित हैं।

# सांगानेर में थड़ी-ठेले संचालकों को धमकाने वाला बदमाश गिरफ्तार

## फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में भी फरार था आरोपी

**जयपुर** । सांगानेर पुलिस ने फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी टोंक स्थित पीपलू निवासी बाबूलाल बराला को गिरफ्तार किया है, वह लंबे समय से फरार था। सांगानेर पुलिस को शुक्रवार को सूचना मिली कि श्योपुर रोड पर एक व्यक्ति थड़ी-ठेले वालों को डरा-धमका रहा है और स्वयं को बड़ा बदमाश बता रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस टीम में हैड कांस्टेबल सूरज मीणा, केदारमल, कांस्टेबल मुकेश आरोपी को पकड़ने के लिए गए। पुलिस ने मौके पर आरोपी को दबोच लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले आर्म्स एक्ट व मारपीट के मामलों में गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी के खिलाफ सांगानेर व प्रताप नगर पुलिस थाने में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। वहीं टोंक के टोडारायसिंह के एक मामले में आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रहीं है।



सांगानेर थाना पुलिस ने फायरिंग व आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया।

## जेकेके में चित्र महोत्सव शुरू

**जयपुर**, (कासं)। केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से जवाहर कला केंद्र में शुक्रवार को आदि चित्र महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 18 दिसंबर तक चलने वाले पेंटिंग प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों की विशिष्ट आदिवासी पेंटिंग कला गोंड, भील, वार्ली व पिथोरा आदि पेंटिंग्स का प्रदर्शन व बिक्री की जाएगी। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आदिवासी चित्रकारों की कला को जन-जन तक पहुंचना और देश विदेश में ख्याति दिलवाना तथा उनको आजीविका उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी का जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन कला दीर्घा में पत्र सूचना कार्यालय की निदेशक ऋतु शुक्ला ने उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आदिवासी कला को आगे लाने के अवसर मिलेंगे। इस प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा और राजस्थान के आदिवासी चित्रकारों द्वारा बनाई गई लगभग 300 चित्रकारी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी का क्युरेशन राजस्थान ललित कला अकादमी के अध्यक्ष प्रो. चिन्मय मेहता ने किया है। प्रदर्शनी का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है।